संक्षिप्त

30 वर्ष से फरार इनामी अपराधी गिरफ्तार

टोंक। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा पुष्पेन्द्र सिह के निर्देशन में वृत्ताधिकारी मालपुरा आशीष प्रजापत एवं पुलिस निरीक्षक चेनाराम बेडा के नेतृत्व में गठित मालपुरा थाना टीम द्वारा दौराने तलाश कर करीब 30 वर्ष से फरार व 5 हजार रूपये के ईनामी वांछित रामजीलाल उर्फ रामी पुत्र नगु गुर्जर उम्र 60 साल निवासी मोढान का पुरा तिछरिया थाना नई मण्डी हिण्डोन सिटी जिला करोली से डिटेन कर न्यायालय एसीजेएम मालपुरा से जारी वारण्ट पर गिरफ्तार किया गया हैं।

सिंधी भाषा लर्निंग कोर्स की परीक्षा 11 को

किशनगढ़ बास (निसं)। राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली की ओर से भारतीय सिंधु सभा राजस्थान न्यास के सहयोग से चल रही सिंधी भाषा की कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा आगामी 11 जनवरी रविवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा सुपरवाइजर हीरानंद व प्रीति भूरानी ने बताया कि माउंट ओएसिस एस के आए स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उन्होंने ने बताया किशनगढ बास मे राष्ट्रीय सिन्धी भाषा विकास परिषद् की ओर सिन्धी भाषा के सर्टीफिकेट कोर्स, डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा कोर्स की कक्षायें चल रही है जिनमें 5 शिक्षामित्रों के सहयोग से 10 कक्षाओं में 164 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं । मीटिंग में प्रदेश महामंत्री गिरधारी लाल ज्ञानानी, सुपर वाइजर हीरानंद व प्रीति भूरानी , शिक्षा मित्र योगिता वाधवा, सिल्की मगनानी, माउंट ओएसिस एस के आर ओर किडजी स्कूल की ऑर्डिनेटर आशु हरवानी उपस्थित थे।

पृथ्वी सिंह गुर्जर प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत

दौसा। भारतीय किसान यूनियन धर्मसिंह कोतवाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुर्जर ने खूंटला दौसा निवासी पृथ्वी सिंह गुर्जर को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इधर पृथ्वी सिंह गुर्जर को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुर्जर एवं प्रदेशाध्यक्ष भूपसिंह पोसवाल का आभार व्यक्त किया है।

चमत्कारी भैरू बाबा के पौष बड़ा महोत्सव

शाहपुरा (निसं)। शहर के रजनीश हॉस्पिटल जोशाला की ढाणी के पास भैरू बाबा के स्थान पर पौषबडा महोत्सव का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि एससी- एसटी महा संगठन के विधानसभा अध्यक्ष राजेश मंडोवरा ने भैरू बाबा की महा आरती करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंदिर पुजारी बंशीधर शर्मा, रामस्वरूप सिसोदिया, राकेश सैनी, मूलचंद सैनी, शंकर लाल सैनी ने मंडोवरा को षौषबडा महोत्सव के दौरान साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। सभी भक्तों के सहयोग से भैरू बाबा मंदिर को रोशनी से जगमगाया गया और फूलों से सजाया गया। समाजसेवी रामस्वरूप सिसोदिया व मूलचंद सैनी ने भैरू बाबा के भोग लगाकर भक्तों को पंगत प्रसादी वितरित की गई। प्रसादी में हलवा, पकोड़े, पूरी व सब्जी की प्रसादी लगभग 3 हजार भक्तों ने ग्रहण की। इस दौरान सभी भक्तों ने व्यवस्था बनाने में सहयोग प्रदान किया।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2026 का आयोजन

कोटपूतली, (निसं)। कोटपूतली-बहरोड़ जिला पुलिस लाईन में वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान 03 जनवरी को वृत बानसूर व विराटनगर की टीम के मध्य मैच का आयोजन हुआ, जिसमें विराटनगर की टीम विजेता रही। दूसरा मैच वृत बहरोड व नीमराना की टीम के मध्य हुआ, जिसमें नीमराना की टीम विजेता रही। 04 जनवरी को यातायात शाखा कोटपूतली व वृत कोटपूतली की टीम के मध्य मैच का आयोजन रिर्जव पुलिस लाईन कोटपूतली में हुआ, जिसमें यातायात शाखा की टीम विजेता रही। 05 जनवरी को वृत नीमराना व जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय की टीम के मध्य मैच का आयोजन हुआ, जिसमें जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय की टीम विजेता रही, दूसरा मैच वृत विराटनगर व यातायात शाखा की टीम के मध्य हुआ, जिसमें यातायात शाखा की टीम विजेता रही। फाईनल मैच रिर्जव पुलिस लाईन कोटपूतली-बहरोड़ में पुलिस अधीक्षक कार्यालय व यातायात शाखा टीम के मध्य हुआ।

स्पीड ब्रेकर की मांग, ग्रामीणों ने जाम लगाया, विराटनगर-पावटा मार्ग बंद रहा

पावटा(निसं)। छीतौली ग्राम पंचायत के खरबूजी गांव के ग्रामीणों का कई वर्षों से लंबित स्पीड ब्रेकर की मांग को लेकर आक्रोश आखिरकार सडकों पर फूट पडा। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने पत्थर और कांटे डालकर विराटनगर-पावटा मुख्य सडक मार्ग पर रोड जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम लोमोड सहित ग्रामीणों का कहना है कि गांव के मुख्य चौराहे एवं आबादी क्षेत्र से होकर गुजरने वाली इस सडक पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है। कई सालों से खरबूजी गांव में जो कि विराटनगर - पावटा सडक मार्ग है। जहां से रोज हजारों वाहन निकलते है। ठेकेदार एमडीआर रोड तो बना दिया पर इसकी ब्रेकर नहीं बनाया । जिससे आए दिन

कई वर्षों से लंबित स्पीड ब्रेकर की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। आश्वासन के बाद रास्ता खोला।

- तीन दिन में स्पीड ब्रेकर निर्माण का आश्वासन देने और समस्या के समाधान का भरोसा दिलाने पर ग्रामीणों ने जाम हटाया

सडक मार्ग पर हादसे से होते हैं। सुबह स्कूली बच्चों को लेने के लिए बस आती है वह भी यही से निकलती है बच्चे सडक मार्ग से गुजरते हैं तो कई बार हादसे से हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को लिखित व मौखिक रूप से स्पीड ब्रेकर निर्माण की मांग की गई, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में भारी रोष है। रोड जाम की सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियो ने दूरभाष के जरिए ग्रामीणों से समझाइश का प्रयास किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक स्पीड ब्रेकर बनाने का लिखित आश्वासन नहीं मिलेगा, तब तक जाम नहीं खोला जाएगा।

साइबर फ्रॉड आरोपी गिरफ्तार

गोविंदगढ़ / अलवर । जिला पुलिस अधीक्षक अलवर सुधीर चौधरी के नेतृत्व में लगातार चलाए जा रहे साइबर फ्रॉड अभियान के तहत गोविंदगढ थाना पुलिस के द्वारा कार्रवाई के चलते साइबर संग्राम अभियान 2.0 के तहत साइबर फ्रॉड करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया वही साइबर फ्रॉड में प्रयुक्त 2 मोबाइल बरामद किये।

आरोपी मीडिया पर पैन पेन्सिल पैकिंग संबंधी जॉब दिलाने व शादी विवाह करवाने के लिये सम्पर्क करते हैं, जिनसे रजिस्ट्रेशन के नाम पर 999 रुपये व दुल्हन के लिये शॉपिंग व अन्य अलग अलग खर्चों के नाम पर ऑनलाईन पैसे डलवाने का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी करते हुए वासीद खान पुत्र फकरुदीन जाति मेव उम्र 19 साल निवासी गौर पहाडी पुलिस थाना लक्ष्मणगढ जिला अलवर व असलम पुत्र उमरदीन जाति मेव उम्र 25 साल निवासी बझेडी थाना गोविन्दगढ जिला अलवर को गिरफ्तार किया। पुलिस उनसे अभी और पुछताछ कर रही है कि और मामले भी है क्या।

एसपी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई के डीआईजी पद पर पदौन्नत होने पर अभिनंदन

कोटपूतली,(निसं) कोटपूतली-बहरोड जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई के डीआईजी पद पर पदौन्नत होने पर जाट समाज के प्रतिनिधिमंडल द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य नागरिकों एवं प्रतिनिधियों ने एसपी बिश्नोई को साफा व माला पहनाकर, प्रतीक चिन्ह प्रदान कर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनायें प्रेषित की। अध्यक्ष बाबूलाल चौधरी एवं महामंत्री एड. मनोज चौधरी ने कहा कि एसपी बिश्नोई का कोटपूतली-बहरोड़ जिले में कार्यकाल सराहनीय एवं अनुकरणीय रहा है। उन्होंने कानून-व्यवस्था को सुदृढ रखने के साथ-साथ आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण

जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई का सम्मान किया।

- अध्यक्ष बाबूलाल चौधरी एवं महामंत्री एड. मनोज चौधरी ने कहा कि एसपी बिश्नोई का कोटपूतली-बहरोड़ जिले में कार्यकाल सराहनीय एवं अनुकरणीय रहा है

कायम किया हैं। समाज के प्रतिनिधियों ने उन्हें एक सशक्त, कर्मठ एवं अनुशासित अधिकारी बताते हुये उनकी पदौन्नित को जिले के लिये गौरव का विषय बताया। इस दौरान जाट छात्रावास अध्यक्ष बाबूलाल चौधरी, पूर्व अध्यक्ष कैलाश धूआं, संयोजक कैलाश जाखड, उपाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, पूर्व महामंत्री मनोज खोजा, महामंत्री एवं स्काउट प्रधान एड. मनोज चौधरी सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

पंचायत समिति सदस्य वार्ड यथावत रखने की मांग, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

पावटा(निसं)। पंचायत समिति पावटा में पंचायत समिति सदस्य वार्डों को यथावत रखने की मांग को लेकर प्रतिनिधियों ने पावटा उपखंड अधिकारी साधना शर्मा को ज्ञापन सौंपा। सदस्यों ने प्रस्तावित बदलावों पर आपत्ति जताते हुए कहा कि पंचायत समिति पावटा में पंचायत समिति सदस्य वार्ड नंबर 8 ज्योंकि रामपुरा, काकराना, मांजूकोट शामिल

- ग्रामीणों ने मांग की कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए पूर्व में शामिल राजस्व ग्राम रामपुरा, काकराना, मांजूकोट को यथावत रखा जाए

थे नए पुनर्गठन में इनको बदलकर वार्ड नंबर 7 बनाकर अब रामपुरा, टोरडा गुजरान कर दिया गया है। ज्ञापन में बताया गया कि वार्डों के पुनर्गठन अथवा बदलाव से ग्रामीणों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पडेगा। बदलाव से जनप्रतिनिधियों और आमजन दोनों

वार्डों को यथावत रखने की मांग को लेकर प्रतिनिधियों ने पावटा उपखंड अधिकारी साधना शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

को कठिनाई होगी। पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि वार्डों में किसी प्रकार का परिवर्तन करने से विकास कार्य प्रभावित हो सकते हैं। साथ ही, ग्रामीणों की वर्षों पुरानी प्रशासनिक व्यवस्था भी अस्त-व्यस्त हो जाएगी। ग्रामीणों ने मांग की कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए पूर्व में शामिल राजस्व ग्राम रामपुरा, काकराना, मांजूकोट को यथावत रखा जाए। इस दौरान उपस्थित प्रतिनिधियों ने प्रशासन से आग्रह किया कि किसी भी निर्णय से पूर्व जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से व्यापक विचार-विमर्श किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वार्डों में बदलाव किया गया तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रशासनिक अधिकारियों ने ज्ञापन प्राप्त कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया और मामले को उच्च स्तर तक पहुंचाने की बात कही। ज्ञापन सौंपने के दौरान बहादुर गुर्जर, रामशरण गुर्जर, सी पी शर्मा रामपुरा, बनवारी गुर्जर, मदन गुर्जर, रमाकांत सैन सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

एनएच-148 को फोर-लेन बनाने की दिशा में ऐतिहासिक सफलता

दौसा(निसं)। जिले के लिए बडी उपलब्धि के रूप में राष्ट्रीय राजमार्ग-148 (मनोहरपुर-दौसा) को फोर-लेन बनाने की दिशा में ऐतिहासिक सफलता मिली है। सांसद मुरारीलाल मीणा के सतत प्रयासों के बाद इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए 818 करोड़ 40 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है और टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। सांसद मुरारीलाल मीणा ने बताया कि उन्होंने इस राष्ट्रीय राजमार्ग को फोर-लेन बनाने की मांग को लेकर 9 अगस्त 2024 को पहली बार केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा था। इस पर मंत्रालय से 23 अगस्त 2024 को उत्तर प्राप्त हुआ। इसके बाद उन्होंने इस गंभीर मुद्दे को पुन: 18 मार्च 2025 को पत्र के माध्यम से उठाया, जिस पर 27 मार्च 2025 को मंत्री का जवाब मिला। सांसद मीणा ने 8 अगस्त 2024 को संसद के शून्यकाल में भी इस विषय को प्रभावी ढंग से उठाते हुए सदन और मंत्री का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं, लगातार हो रही जनहानि और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सरकार को गंभीरता से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि प्रारंभ में इस मार्ग पर केवल कुछ ब्लैक स्पॉट सुधार के

- 818.46 करोड़ की मंजूरी से टेंडर प्रक्रिया शुरू

लिए डीपीआर बनाई जा रही थी, जिसे उन्होंने अस्थायी और अपर्याप्त समाधान बताया। इसके बाद 14 अगस्त 2025 को पुन: मंत्री को पत्र लिखकर स्पष्ट किया गया कि केवल ब्लैक स्पॉट सुधार से समस्या का समाधान संभव नहीं है, बल्कि पूरे मार्ग को फोर-लेन में परिवर्तित करना आवश्यक है। सांसद मीणा ने इस विषय पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से व्यक्तिगत मुलाकात कर फोर-लेन निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में दौसा-मनोहरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-148 की लंबाई लगभग 65 किलोमीटर है, जो एनएच-121 को दिल्ली-जयपुर हाईवे (एनएच-48) से जोड़ता है। यह मार्ग धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी मार्ग से होकर खाटू श्याम जी और मेहंदीपुर बालाजी जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों के लिए उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा सहित कई राज्यों से श्रद्धालु और पर्यटक आते-जाते हैं। भारी यातायात दबाव के चलते इस मार्ग पर लगभग प्रतिदिन दुर्घटनाएँ होती हैं।

नगर परिषद ने विशेष अभियान के तहत 50 किलो पॉलीथिन कैरी बैग जब्त

टोंक(निसं)। नगर परिषद की टीम ने शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक के पॉलीथिन कैरीबैग के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही करते हुए

- नगर परिषद की ओर से आयुक्त के निर्देशानुसार पॉलीथिन कैरीबैग जब्ती का विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत परिषद परिषद टीम ने शहर के मुख्य बाजार में कार्रवाई की

50 किलो थैलियां बरामद की। जिसके बाद व्यापारियों में हडकंप मच गया, कार्यवाही में प्लास्टिक की थैलियां पाए जाने पर जुर्माना भी लगाया गया है।

नगर परिषद की ओर से आयुक्त धर्मपाल जाट के निर्देशानुसार

नगर परिषद की टीम ने शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक के पॉलीथिन कैरीबैग जब्त किये।

पॉलीथिन कैरीबैग जब्ती का विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत परिषद परिषद टीम ने शहर के मुख्य बाजार में कार्रवाई की, जहां टीम ने कपड़े के थैले तथा कागज के पैकेट उपयोग करने वाले दुकानदारों की सराहना भी की। साथ ही अन्य व्यापारियों से भी पॉलीथिन कैरीबैग का उपयोग न करने की समझाइश की, कपडे के थैले एवं कागज के पैकेट को प्रोत्साहित करने की अपील की गई। टीम ने इस दौरान कार्यवाही में शहर के मुख्य बाजारों में दुकानों पर पहुंचकर 50 किलो प्लास्टिक कैरी बैग्स, प्लास्टिक डिस्पोजल व अन्य प्लास्टिक उत्पादक जब्त किए तथा साथ ही जुर्माना राशि 1 हजार 500 रुपए वसूली की गई हैं

विशिष्ट केंद्रीय कारागृह श्यालावास में हरित पहल

दौसा। विशिष्ट केंद्रीय कारागृह श्यालावास परिसर में मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। जेल प्रशासन एवं होमगार्ड जवानों के संयुक्त प्रयास से कारागृह परिसर में विभिन्न प्रजातियों के मौसमी फूलों के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर रेवाड़ी, हरियाणा के गैर सरकारी संगठन मृदुलाश्रय के द्वारा उपलब्ध कराए गए ऑसमॉस, किशना, पेटुनिया, डॉग फ्लावर, गजेनीय, डायन्थस, फ्लॉक्स, कैलेंडुला एवं वर्बीना प्रजाति के छह हजार पौधों का रोपण किया गया, जिनसे आने वाले समय में परिसर रंग-बिरंगे फूलों से सुसज्जित होगा। जेल अधीक्षक श्री पारस जांगिड़ एवं डॉ. अमन रस्तोगी, कमांडेंट होमगार्ड्स ने बताया कि ऐसे हरित अभियानों से न केवल कारागृह का वातावरण स्वच्छ एवं सौम्य बनता है, बल्कि बंदियों एवं स्टाफ में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है। उन्होंने होमगार्ड जवानों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि अनुशासन व सेवा भावना के साथ किया गया।

सार-समाचार

साइबर ठगी मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

टोंक (निसं)। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टोंक रतन लाल भार्गव के निर्देशन मे थानाधिकारी निवाई सदर द्वारा गठित थाना टीम व डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्यवाही कर साइबर फ्रॉड करने व बैंक खातों से लाखो रुपये की ठगी करने वाले आरोपी बनवारी लाल पुत्र मथुरा लाल मीणा उम्र 32 साल, देवीशंकर पुत्र हरफूल मीणा उम्र 22 व देवीशंकर पुत्र हरफूल मीणा उम्र 22 साल निवासी आदलवाडा थाना चौथ का बरवाडा एवं मनोज कुमार पुत्र भरतलाल मीणा उम्र 32 साल निवासी जडवता थाना सुरवाल जिला सवाईमाधोपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक बोलेरो कार, 5 एण्ड्रोईड मोबाईल, एक चौकबुक को जप्त किया गया हैं। आरोपियों के खिलाफ साईबर ठगी मामले में प्रकरण दर्ज कर पूछताछ जारी हैं। कार्यवाही के दौरान इनके खिलाफ पूर्व में मोबाईल नम्बरों के विरुद्ध 10 साईबर शिकायतें दर्ज होना पायी गयी।

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले का आरोपी गिरफ्तार

टोंक(निसं)। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा के निर्देशन मे देवली पुलिस उपाधीक्षक हेमराज नेतृत्व में गठित देवली थाना टीम ने देवली क्षेत्र में घटित गंभीर आपराधिक घटना गत 30 दिसम्बर 2025 को एक नाबालिग बालिका श्याम बाबा सिरोही के दर्शन कर लौटते समय रास्ते में मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा रोककर बहला फुसलाकर हाईवे किनारे खेत में ले जाया गया, जहां उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक दुष्कर्म एवं मारपीट की गई तथा आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए देवली थाना पुलिस ने आरोपियों की तलाश हेतु टीम गठित कर वांछित अपराधी चरतलाल उर्फ सिक्के पुत्र राजेन्द्र मीणा उम्र 18 साल निवासी सुमेरपुरा यबाड की झोंपडियाँ थाना इन्द्रगढ जिला बून्दी को गिरफ्तार किया गया हैं ।

नगर परिषद कार्यालय के विभागों की प्रगति की समीक्षा

कोटपूतली (निसं) । अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर परिषद कोटपूतली ओमप्रकाश सहारण ने मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय के विभिन्न अनुभागों की प्रगति रिपार्ट की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने आरटीआई, जनसुनवाई, आवक- जावक, लेखा शाखा, भूमि शाखा, जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीयन शाखा के संधारित रजिस्टरों एवं पत्रावलियों की गहन जाँच कर कार्य में गति लाकर आमजन के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद सचिव अभिषेक सैनी और जेईएन कृष्ण कुमार से नगर परिषद क्षेत्र के विकास कार्यों, नियमित सफाई कार्य, जनसुनवाई के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण हेतु संचालित टिप्परों और ट्रैक्टर ट्रॉली पर नंबरिंग और जीपीएस सुनिश्चित करते हुए इनकी फील्ड मॉनिटरिंग करें।

जिला कलेक्टर आदेश पर 10 तक स्कूलों की छुट्टी

कोटपूतली-बहरोड़ (निसं)। जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने आदेश जारी कर वर्तमान में जिले में चल रही शीतलहर एवं ठण्ड के प्रकोप को देखते हुए एवं मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के दृष्टिगत जिले में संचालित नर्सरी से कक्षा 08 तक के समस्त सरकारी एवं गैर राजकीय विद्यालयों में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए दिनांक 07 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक का अवकाश घोषित किया है। आदेशानुसार परिक्षाएं यथावत संचालित रहेंगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, कोटपूतली-बहरोड को निर्देशित किया कि कोटपूतली-बहरोड जिले में राजकीय / गैर राजकीय विद्यालयों में उपर्युक्त आदेशों की अक्षरश: / कठोरता से पालना कराया जाना सुनिश्चित करावें। निर्देशों की अवहेलना करने वाले राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए बमोर में पुस्तक मेला आज से

टोंक। जिले में पढ़ने लिखने की संस्कृति को बढ़ावा देने और आमजन को पुस्तक अध्ययन की ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से अज़ीम प्रेमजी फाउण्डेशन, बमोर परिसर में आज से 11 जनवरी तक टोंक पुस्तक एवं साहित्य महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव में लगने वाले पुस्तक मेले में विशेष रूप से बाल साहित्य की समृद्ध पुस्तकों का प्रदर्शन और विक्रय किया जाएगा। नेशनल बुक ट्रस्ट (छठज), चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट (ब्ठज), प्रकाशन विभाग, लोकायत प्रकाशन, वाणी प्रकाशन, प्रथम बुक्स, एकलव्य, ज्ञानपीठ प्रकाशन, इकतारा, यात्रा बुक्स, राजकमल प्रकाशन तथा बरखा सीरीज़ सहित छब्म्ज् की अनेक महत्वपूर्ण पुस्तकें पाठकों के लिए उपलब्ध रहेंगी। कार्यक्रम के दौरान शैक्षिक संवाद, शिक्षकों के लिए डेमोन्स्ट्रेशन कार्यशालाएँ तथा विभिन्न शैक्षिक सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य विद्यालयी शिक्षा और पठन संस्कृति को सशक्त बनाना है। महोत्सव में ओपन माइक सत्र भी होगा जिसमें पाठक अपनी पढ़ी हुई पुस्तकों की समीक्षा और विश्लेषण साझा करेंगे। पुस्तक मेला प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से सांय 7 बजे तक सभी के लिए खुला रहेगा, जहाँ बच्चे और वयस्क दोनों उत्साहपूर्वक भाग लेकर ज्ञानवर्धक किताबें देख समझ कर खरीद सकेंगे।

सेवानिवृत होने वाले कार्मिक आवेदन 15 जनवरी तक भिजवाएं

दौसा। आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में सेवानिवृत होने वाले दौसा जिले में कार्यरत राज्य कार्मिकों को परिपक्वता स्वत्व आवेदन 15 जनवरी तक भिजवाना होगा। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग दौसा के सहायक निदेशक रजनीश कुमार शर्मा ने बताया कि ऐसे कार्मिक जिनकी जन्मतिथि 1 अप्रेल 1966 से 31 मार्च 1967 तक है, उनके जीवन पर जारी राज्य बीमा पॉलिसी 1 अप्रेल 2026 को भुगतान के लिए परिपक्व होने जा रही है। वह सभी कार्मिक अपनी एसएसओ आईडी से एसआईपीएफ पोर्टल पर लॉग इन कर मूल बीमा पॉलिसी, सम्पूर्ण सेवाकाल की प्रमाणित बीमा रिकॉर्ड बुक, पद स्थापन विवरण हेतु परिशिष्ट-क, बीमेदार द्वारा अन्तिम बार बढ़ाई गई बीमा कटौती से संबंधित अधिक घोषणा पत्र तथा कैंसिल चैक अथवा बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की प्रति अपलोड कर 15 जनवरी तक ऑनलाईन परिपक्वता स्वत्व आवेदन भिजवाएं, जिससे परिपक्वता स्वत्व राशि के भुगतान आदेश जारी कर परिपक्वता तिथि को भुगतान किया जा सकें। उन्होंने बताया कि राज्य बीमा पॉलिसी का परिपक्वता तिथि 1 अप्रेल को भुगतान प्राप्त करने के लिए अन्तिम बीमा कटौती माह दिसम्बर 2025 तक होगी।

भांकरी ग्राम में शहीद सूबेसिंह जी धनकड़ की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई

पावटा। भांकरी ग्राम में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूत शहीद सूबेसिंह जी धनकड की 26वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने शहीद की प्रतिमा/चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन रखकर शहीद की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने शहीद सूबेसिंह जी के जीवन, साहस और देशभक्ति को याद करते हुए कहा कि उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र सेवा और समाज हित में कार्य करने का आव्हान किया। पुण्यतिथि कार्यक्रम में ग्रामवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने शहीद के परिवार के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके त्याग और बलिदान को सदैव स्मरण रखने का संकल्प लिया। वही कार्यक्रम के दौरान शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया तथा वीरांगना श्रीमती सूनी देवी का सम्मान किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत वीर शहीदों के जयकारे लगाए। समस्त उपस्थित जनों ने राष्ट्रगान गाकर शहीद की शहादत को याद किया और भारत माता व वीर शहीदों के जयकारों से वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। कार्यक्रम ने युवाओं में राष्ट्रप्रेम और बलिदान की भावना को और मजबूत किया।कार्यक्रम में वीरांगना श्रीमती सूनी देवी, महेंद्र जी शर्मा गुरुजी, राजेश औला, भूपेंद्र गढवाल, कृष्ण धनखड, राकेश धनकड सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।